उत्तर प्रदेश में नदियों के किनारे 3.72 करोड़ पौधे लगाए जाएँगे

चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने "**पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2024**" शुरू किया है, जिसका लक्ष्य राज्य भर में नदी तटों पर 3,72,66,000 पौधे लगाना है।

मुख्य बिंदु

- **शामिल किये गए नदी तट**
  - **गंगा:** गंगा नदी के किनारे 5,096.42 हेक्टेयर भूमि पर 77.5 लाख पौधे लगाए जाएंगे।
  - **यमुना:** यमुना नदी के किनारे 534 स्थानों पर 98.47 लाख पौधे लगाए जाएंगे, जो 6,581.32 हेक्टेयर भूमि को कवर करेंगे
  - **हिंडन:** 270.13 हेक्टेयर भूमि पर चार लाख पौधे हिंडन नदी की शोभा बढ़ाएंगे।
- **प्रोत्साहन योजना: प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर, वाराणसी, गाज़ीपुर, मिर्ज़ापुर, भदोही, काशी वन्यजीव और बलिया** सहित गंगा के किनारे वन प्रभागों में, **स्वच्छ गंगा के लिये राष्ट्रीय मिशन** द्वारा वित्त पोषित एक प्रोत्साहन योजना लागू की जा रही है।
- **वृक्षों की किस्में:** नदी के किनारों पर **नीम, सहजन, इमली, अर्जुन, जामुन, बेल, आम, महुआ, सागौन, शीशम, गुतील, बाँस, पीपल, पक्कड़ और बरगद** सहित विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाए जाएंगे।
- **औषधीय पौधे:** यह पहल नर्सरियों के सहयोग से **2,500 हेक्टेयर** निजी भूमि पर औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती को भी बढ़ावा देती है।
- यह प्रयास न केवल राज्य के हरित आवरण को बढ़ाता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-to-plant-3-72-crore-saplings-along-riverbanks